02-06-2023

न्यूज फटाफट

जन जैव-विविधता रजिस्टर

- जन जैव-विविधता रजिस्टर जैव विविधता के विभिन्न पहलुओं के व्यापक रिकॉर्ड के रूप में कार्य करता है।
- इसमें आवासों व भूमि परिदृश्य का संरक्षण, सामुदायिक विविधता, कृषि, पालतू स्टॉक, जानवरों की नस्लें, सूक्ष्म जीव और क्षेत्र की जैविक विविधता से संबंधित ज्ञान का संचय शामिल है।
- जैव-विविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार देशभर में स्थानीय निकायों द्वारा जैव-विविधता के संरक्षण, सतत उपयोग और प्रलेखन को बढ़ावा देने के लिये गठित जैव-विविधता प्रबंधन समितियाँ स्थानीय समुदायों के परामर्श से जन जैव-विविधता रजिस्टर तैयार करती हैं।
- जन जैव-विविधता रजिस्टर को अद्यतन बनाने और इसके सत्यापन के लिये गोवा में राष्ट्रीय अभियान प्रारंभ किया गया है।

रश्त-अस्तारा रेलवे लिंक

- अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) के एक हिस्से के रूप में ईरान में रश्त-अस्तारा रेलवे के निर्माण के लिये रूस और ईरान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- यह कैस्पियन सागर के पास ईरान के एक तटीय शहर रश्त को अजरबैजान के सीमावर्ती शहर अस्तारा से जोड़ेगा। इस रेलवे लिंकसे यात्रा के समय में चार दिन की कमी आएगी।
- इसका उद्देश्य रेलवे और समुद्री परिवहन के माध्यम से भारत, ईरान, रूस, अजरबैजान व अन्य देशों को जोड़ना है। यह अंतरमहाद्वीपीय लिंक इन क्षेत्रों के मध्य सुचारू व्यापार और बेहतर कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगा।
- रूस के अनुसार, इस मार्ग में स्वेज नहर की तुलना में एक महत्वपूर्ण वैश्विक व्यापार मार्ग बनने की क्षमता है।

चांगथी साक्षरता परियोजना

- केरल साक्षरता मिशन द्वारा संचालित चांगथी परियोजना प्रवासी श्रमिकों को राज्य के सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं को समझने में सक्षम बनाकर केरल में उनके द्वारा सामना किये जाने वाले बहिष्कार को संबोधित करती है।
- इस परियोजना में विशेष रूप से स्वच्छता, स्वास्थ्य, मूल्य और श्रमिकों के अधिकार जैसे विषय शामिल किये गए हैं।
- वर्ष 2019 में प्रारंभ की गई चांगथी परियोजना के लिये त्रिशूर जिले के कोलाझी पंचायत को चयनित किया गया था। इसके तहत श्रमिकों के कार्यावधि के बाद उनके आश्रयों में कक्षाओं की व्यवस्था की गई है।
- हाल ही में, इसके तहत चांगथी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया जिसका उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को मलयालम व हिंदी लिखना व पढ़ना सिखाना था।

ब्लेज़र (BLAZER)

- ब्लेज़र एक प्रकार की आकाशगंगा है जिसे एक विशाल ब्लैक होल द्वारा ऊर्जा प्राप्त होती है। यह ब्रह्मांड में सबसे चमकदार एवं शक्तिशाली वस्तुओं में से एक है।
- यह गामा किरणों, एक्स-रे व रेडियो तरंग सहित अत्यधिक ऊर्जावान कणों और विकिरण के उत्सर्जन के लिये जानी जाती है।

- लद्दाख के हानले में स्थित भारतीय खगोलीय वेधशाला के शोधकर्ताओं ने पृथ्वी से लगभग 950 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक ब्लेज़र बीएल लैक्रेटे का अवलोकन किया है।

वोल्ट टाइफून

- वोल्ट टाइफून एक कथित हैकिंग समूह है जिसे चीन द्वारा समर्थित माना जाता है। इस समूह में खुफिया जानकारी एकत्र करने और डिजिटल क्षति पहुँचाने की क्षमता है।
- इस संगठन पर मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में सेना या सरकार से संबंधित संगठनों की जानकारी चोरी करने का आरोप है।
- हाल ही में, माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प ने चेतावनी दी है कि वोल्ट टाइफून ऐसी क्षमताएँ विकसित कर रहा है जो भविष्य के संकटों के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका एवं एशिया क्षेत्र के बीच महत्वपूर्ण संचार बुनियादी ढाँचे को बाधित कर सकते हैं।

गोंगडी शॉल

- गोंगाडी शॉल तेलंगाना के स्वदेशी कुरुमा और कुरुबा समुदायों द्वारा बुना जाने वाला पारंपरिक ऊनी शॉल है।
- इसके निर्माण में स्थानीय रूप से नल्ला गोर्रे के रूप में जानी जाने वाली स्वदेशी दक्कनी भेड़ के ऊन का उपयोग किया जाता है।
- इसे प्राकृतिक या सिंथेटिक रंगों का उपयोग किये बिना जैविक रूप से निर्मित किया जाता है।
- राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान, अहमदाबाद के पूर्व छात्रों द्वारा गोंगडी शॉल का उपयोग किसानों के लिये सभी मौसम में पहनने योग्य जूतों के निर्माण में किया गया है।

एसिनेटोबैक्टर बाउमानी

- वैज्ञानिकों ने एसिनेटोबैक्टर बाउमानी सुपरबग को मारने के लिये एबॉसिन नामक एंटीबायोटिक की खोज के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया है।
- एसिनेटोबैक्टर सामान्यत: मृदा एवं जल में पाए जाने वाले बैक्टीरिया का एक समूह है।
- मनुष्यों में अधिकांश संक्रमण के लिये एसिनेटोबैक्टर बाउमानी ही उत्तरदायी होता है है। यह रक्त, मूत्र मार्ग, फेफड़ों एवं घावों को संक्रमित कर सकता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'प्राथमिकता वाले रोगजनकों' की सूची में इसे मानव स्वास्थ्य के लिये सबसे बड़े खतरे के रूप में वर्गीकृत किया है।

बेलुगा व्हेल

- बेलुगा व्हेल बेहद मिलनसार स्तनधारी हैं जो समूह में ही शिकार और पलायन करती हैं। इनका उभरा हुआ सिर लचीला होता है जो आकार बदलने में सक्षम होता है।
- विभिन्न प्रकार की आवाज़ निकालने में सक्षम होने के कारण इन्हें 'समुद्र की कैनरी' भी कहा जाता है। ये इनका उपयोग अपने समूह में संचार के लिये करती हैं।
- बेलुगा विभिन्न प्रकार की मछली प्रजातियों के साथ ही झींगा, केकड़े और मोलस्क को आहार के रूप में ग्रहण करते हैं। आई.यू.सी.एन. की लाल सूची में इन्हें निकट संकटग्रस्त (NT) श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।
- रूस पर इस व्हेल प्रजाति के माध्यम से विभिन्न देशों में जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। नॉर्वे ने इसे ह्वाल्डिमिर नाम दिया है।

ओडिशा की पलूर नहर में 'ईल' की नई प्रजाति की खोज की गई

- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI) के वैज्ञानिकों ने ओडिशा के गंजम ज़िले के पलूर नहर में ईल की एक नई प्रजाति की पहचान की है।
- प्राचीन ओडिशा के नाम पर इसे पिसोडोनोफिस कलिंगा नाम दिया गया, यह ईल परिवार ओफिचथिडे और ऑर्डर एंगुइलिफोर्मेस से संबंधित है।
- यह दिखने में सांप जैसा है और इसकी लंबाई 560 मिलीमीटर से 7 मीटर तक हो सकती है।
- यह खोज एशिया के सबसे बड़े खारे पानी के लैगून चिल्का लैगून और आसपास के पलूर नहर में की गई।
- सितंबर से नवंबर तक मानसून के मौसम के दौरान इस क्षेत्र में नई प्रजाति, पिसोडोनोफिस कलिंग प्रचुर मात्रा में पाई जाती है।
- डीएनए विश्लेषण ने पहले ग्रहण किये गए पिसोडोनोफिस बोरो (चावल-धान ईल) से इसके भिन्न होने की पुष्टि की।
- इस खोज से भारतीय जल में पिसोडोनोफिस प्रजातियों की कुल संख्या बढ़कर तीन हो गई है।

गिरीश चंद्र मुर्मू को WHO के बाह्य लेखा परीक्षक के रूप में दूसरी बार चयन

- भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG), गिरीश चंद्र मुर्मू को वर्ष 2024 से 2027 तक चार वर्ष की अवधि के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के बाह्य लेखा परीक्षक के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिये चुना गया है।
- जिनेवा में 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में मार्च 2023 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के बाह्य लेखा परीक्षक के रूप में चयन के बाद यह उनका दूसरा प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्य है।
- खाद्य और कृषि संगठन (FAO), अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEI) और अंतर-संसदीय संघ (IPU),WHO के बाह्य लेखा परीक्षक के रूप में CAG का प्रमुख फिर से चुना जाना अंतर्राष्ट्रीय लेखा परीक्षा और शासन निकायों में भारत की मज़बूत उपस्थिति और प्रभाव को दर्शाता है।
- WHO के बाह्य लेखा परीक्षक का कार्य स्वतंत्र लेखा परीक्षा करना और संगठन के भीतर वित्तीय विवरणों, विनियमों के अनुपालन, संचालन की प्रभावशीलता तथा जोखिम प्रबंधन पर आश्वासन प्रदान करना है।

लॉन्ग मार्च 2F रॉकेट

- चीन ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत लॉन्ग मार्च 2F रॉकेट का उपयोग करके 3 अंतरिक्ष यात्रियों के साथ शेनझोउ 16 अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक लॉन्च कर महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।
- यह नागरिक अंतरिक्ष यात्री को शामिल करने वाला देश का पहला मिशन है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ जुड़ने की महत्त्वाकांक्षाओं के साथ चीन ने अपने सैन्य संचालित अंतरिक्ष कार्यक्रम में अरबों डॉलर का निवेश किया है।
- यह उपलब्धि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से केवल अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की पूर्व प्रथा से अलग है।
- बीजिंग यूनिवर्सिटी ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स के पेलोड विशेषज्ञ, नागरिक अंतरिक्ष यात्री, गुई हाइचाओ, अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोगात्मक पेलोड के लिये ज़िम्मेदार होंगे।
- चीन के अंतरिक्ष सपने में वर्ष 2029 तक चंद्र आधार और चालक दल के चंद्र मिशन की योजना शामिल है, जबकि तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन वैज्ञानिक प्रयोगों तथा नई प्रौद्योगिकियों के परीक्षण की सुविधा प्रदान करेगा।